राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 08 अगस्त। भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में कल दिनांक 09 अगस्त से 15 अगस्त, 2022 तक कांग्रेस पार्टी द्वारा 75 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा में जिले के विधायकगण/विधायक प्रत्याशीगण, सांसद प्रत्याशीगण, प्रदेश पदाधिकारीगण, निवर्तमान/वर्तमान जिलाध्यक्षगण तथा निकायों व पंचायत राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधिगण सहित सभी वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने हेतु अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश के सभी जिलों में 75 किलोमीटर की पदयात्रा निकालेंगे। उन्होंने बताया कि पदयात्रा दिनांक 09 अगस्त 2022 से प्रारम्भ होकर 15 अगस्त, 2022 तक चलेगी। उन्होंने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा ने सभी जिलों में निकाले जाने वाली इस पदयात्रा हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं राज्य सरकार के मंत्री श्री गोविंद राम मेघवाल को प्रदेश समन्वयक नियुक्त किया है तथा प्रत्येक जिले में समन्वय हेतु प्रभारी नियुक्त किए गए हैं **जिसकी सूची संलग्न है।**

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter